राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे पिता को समर्पित है : रानी मुखर्जी

बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए मिले सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया है.

रानी मुखर्जी अपनी 30 साल की अभिनय यात्रा में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर भावुक हो गईं. रानी मुखर्जी ने कहा, मैं सचमुच अभिभूत हूं. यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैं इसे अपने दिवंगत पिता को समर्पित करती हूं, जिन्होंने हमेशा इस पल का सपना देखा था. आज मैं उन्हें बेहद याद कर रही हूं. मुझे पता है कि यह उनका आशीर्वाद और मेरी मां की प्रेरणा व ताकत है, जिसने मुझे मिसेज चटर्जी की भूमिका निभाने में मार्गदर्शन दिया.

रानी ने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मेरे शानदार फैन्स, हर सुख-दुख में साथ देने के लिए धन्यवाद. आपका अटूट प्यार और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रहा है. मुझे पता है कि यह पुरस्कार आप सभी के लिए कितना अहम है, और आपको खुश देखकर मुझे भी अपार खुशी मिल रही है.

रानी मुखर्जी ने निर्देशक असीमा, निर्माताओं निखिल, मोनिषा, मधु और पूरी जी टीम, साथ ही एस्टोनिया और भारत के कास्ट-क्रू का भी धन्यवाद किया. उन्होंने कहा कि कोविड काल की चुनौतियों के बीच यह फिल्म संभव ही नहीं होती अगर टीम ने दिल से मेहनत न की होती.उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार की ज्यूरी का आभार जताते हुए कहा, यह फिल्म और यह पल मेरे दिल में हमेशा खास रहेगा.

रानी मुखर्जी ने इस सम्मान को दुनिया की सभी माताओं को समर्पित किया. उन्होंने कहा, मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी ने मुझे गहराई से छुआ क्योंकि यह एक प्रवासी मां की अटूट जीवन की दास्तान है, जो अपने बच्चे की रक्षा के लिए हर मुश्किल का सामना करती है. एक मां होने के नाते यह किरदार बेहद निजी था.

बादशाह का नया गाना कोकैना रिलीज

हिप-हॉप स्टार बादशाह का नया पार्टी एंथम कोकैना रिलीज हो गया है.

सारेगामा म्यूजिक द्वारा रिलीज किए गए इस गाने में बादशाह के साथ पंजाबी सिंगर सिमरन कौर ढडली और अभिनेत्री नताशा भारद्वाज भी हैं.

पानी पानी% जैसी हिट्स के बाद, यह गाना बादशाह और सारेगामा म्यूजिक की एक और सफल पेशकश है. इस ट्रैक का म्यूजिक हितेन ने दिया है, जबकि इसकी कोरियोग्राफी पीयूष और शज़िया ने की है.

बादशाह ने कहा, कोकैना जिंदगी और आज के पल का जश्न मनाने के बारे में है. गाने का म्यूजिक वीडियो अब यूट्यूब पर लाइव है और यह सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है.

पूनम पांडे अब नहीं निभाएंगी मंदोदरी की भूमिका

लंबे विवाद के बाद अभिनेत्री पूनम पांडेय को दिल्ली की लवकुश रामलीला से हटा दिया गया है. राजधानी दिल्ली के लालकिला मैदान में आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध लवकुश रामलीला समिति ने घोषणा की है कि अभिनेत्री पूनम पांडे इस वर्ष मंदोदरी की भूमिका नहीं निभाएंगी. यह निर्णय समाज के विभिन्न वर्गों और संस्थाओं से आई आपत्तियों के बाद लिया गया है. विश्व हिंदू परिषद ने लवकुश रामलीला समिति के इस फैसले का स्वागत किया है. साथ ही वीएचपी ने पूनम पांडेय को रामलीला मैदान में आमंत्रित नहीं करने का भी फ़ैसला किया है.

लवकुश रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार और महासचिव सुभाष गोयल ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूनम पांडे को समिति द्वारा मंदोदरी की भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया था, और उन्होंने इसे निभाने के लिए सहमति भी दी थी. लेकिन जैसे ही यह घोषणा सार्वजनिक हुई, कई संगठनों और समुदाय के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई. उनका तर्क था कि इस पवित्र पात्र को निभाने के लिए कलाकार का चयन करते समय मर्यादा और धार्मिक भावनाओं का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए. समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि लव कुश रामलीला का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीराम का आदर्श और उनका संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है. यदि किसी भी कारण से समाज में भ्रम या आक्रोश उत्पन्न होता है, तो इससे उस मूल उद्देश्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है.

यामी की फिल्म हक का टीजर रिलीज

यामी गौतम और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म हक का टीजर रिलीज हो गया है.

जंगली पिक्चर्स ,इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म 'हक' का निर्माण कर रहा है.यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है. फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं, और इसका निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है. फिल्म हक का टीजर रिलीज हो गया है..मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था. इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता. सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया.

टीज़र शाज़िया नाम के किरदार की दुनिया की झलक दिखाता है, जिसमें दर्द, अन्याय और गरिमा के लिए लगातार संघर्ष दिखाई देता है. यामी गौतम ने इस उलझन को बेहद प्रभावशाली ढंग से निभाया है, उनके हाव-भाव खुद ही उस चुपचाप संघर्ष की कहानी बयां कर रहे हैं, जो महिलाएं रोज़ाना सहती हैं.

फिल्म 'शोले' अपनी असली एंडिंग के साथ दिखाई जायेगी

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' अपनी असली एंडिंग के साथ इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी में दिखाई जायेगी. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने यह घोषणा की है कि नई बहाल की गई शोले इस अक्टूबर में फेस्टिवल की मुख्य आकर्षक फिल्म होगी. यह फेस्टिवल 09 से 11 अक्टूबर तक चलेगा और तीन दिनों तक भारतीय सिनेमा का जश्न मनाया जाएगा.

भारतीय सिनेमा की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में से एक शोले को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने मिलकर 4के क्वालिटी में बहाल किया है. इस प्रक्रिया में कई साल लगे, लंदन से एक दुर्लभ कलर प्रिंट ढूंढना, मुंबई के एक गोदाम से मूल कैमरा निगेटिव्स और खोए हुए सीन को वापस पाना शामिल था. इसका नतीजा है बेहद शानदार विजुअल और ऑडियो क्वालिटी, जिससे फिल्म को उसके मूल 70एमएम फॉर्मेट में फिर से जीवंत किया गया है. सबसे खास बात यह है कि इसमें निर्देशक रमेश सिप्पी द्वारा सोचा गया असली अंत दिखाया जाएगा, जिसमें ठाकुर गब्बर सिंह को मारकर अपने परिवार का बदला लेता है.

नई शोले का वर्ल्ड प्रीमियर इस महीने की शुरुआत में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और अब यह सिडनी में दिखाई जाएगी.

फेस्टिवल डायरेक्टर मीतु भौमिक लैंगे ने कहा, शोले सिर्फ एक फिल्म नहीं है यह भारतीय कहानियों, यादों और लोककथाओं का हिस्सा है. इतने सालों बाद इसके असली अंत को वापस लाना सिर्फ एक अलग सीन जोड़ना नहीं है, बल्कि इसके निर्माता की पूरी दृष्टि को बहाल करना है. शोले के 50 साल पूरे होने के इस मौके पर, हम उस साहस का सम्मान कर रहे हैं जो सिनेमा को चुनौती देने, टिके रहने और अपनी सच्ची रूप में लौटने की ताकत देता है. हमें खुशी है कि अब सिडनी के दर्शक इस फिल्म को उसी तरह देख पाएंगे, जैसे इसे शुरू से देखने का इरादा था.

सृष्टि रोडे ने कपिल की ऑनस्क्रीन गर्लफ्रेंड बनकर लूटी महफिल

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस सृष्टि रोडे आज अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं. एक्ट्रेस का जन्म 24 सितंबर 1991 को मुंबई में हुआ था. अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस अंदाज के लिए मशहूर सृष्टि रोडे सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरों और वीडियोज से फैंस का दिल जीत लेती हैं. हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा पहचान 'बिग बॉस 12' से मिली, जिसने उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों पर गहरा असर डाला.सृष्टि रोडे ने साल 2007 में टीवी शो 'कुछ इस तरह' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद उन्होंने 'इशश फिर कोई है', 'बैरी पिया', 'इश्क हाय' जैसे शोज में काम किया. लेकिन असली पहचान उन्हें स्टार प्लस के हिट शो 'इश्कबाज' से मिली. इसी शो के बाद वह घर-घर में पहचान बनाने लगीं. इसके बाद एक्ट्रेस को कई टीवी शोज के ऑफर आए थे.

अक्षय और अरशद की जॉली एलएलबी 3 का धमाल

अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर मूवी 'जॉली एलएलबी 3' ने रिलीज होते ही सिनेमाघरों में गदर मचा दिया है. यह मूवी लीगल ड्रामा और ब्लैक कॉमेडी का खूबसूरत मेल है, जो दर्शकों की आ रहा है. मूवी ने वीकेंड में जहां ताबड़तोड़ मनी अर्जित की, वहीं वीकडेज भी मूवी की पकड़ बनी हुई है. 5वें दिन यानी मंगलवार को भी मूवी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी कुल कमाई को और आगे बढ़ा दिया.

'जॉली एलएलबी 3' ने रिलीज पर पहले दिन 12.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. इसके बाद शनिवार को इसमें 60 फीसदी का उछाल आया और फिल्म ने 20 करोड़ रुपये बटोरे. रविवार को भी फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 करोड़ रुपये का कारोबार किया. यानी, जितना समय फिल्म के रिलीज से कुछ कम है, वह सिर्फ तीन दिन, और फिल्म ने उनके दौरान 53 करोड़ रुपये कमा लिए और 2025 की टॉप ओपनिंग वीकेंड फिल्मों में शामिल हो गई.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी

धरती की ओर आ रही रहस्यमयी आफत !

वर्ष 2023 में फ्रांस के आकाश में एक क्षुद्रग्रह विस्फोटित हुआ. इसके बाद, क्षुद्रग्रह में आग लग गई. अब इस क्षुद्रग्रह के अध्ययन में लगे वैज्ञानिकों ने एक बड़ा खुलासा किया है. इसका नाम क्षुद्रग्रह 2023 ष्ट्ट्ठ1 रखा गया है. क्षुद्रग्रह 2023 ष्ट्ट्ठ1 लगभग 28 किलोमीटर की ऊँचाई पर विघटित हो गया. इसके बाद, इसके टुकड़े उत्तरी फ्रांस के आकाश में बिखर गए, जिससे एक तेज़ रोशनी निकली.

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक क्षुद्रग्रह के लिए असामान्य व्यवहार है, जो आमतौर पर बहुत पहले टूटना शुरू हो जाता है और छोटे-छोटे टुकड़ों में पृथ्वी के वायुमंडल में गिर जाता है. इसके बजाय, 2023 ष्ट्ट्ठ1 अंतिम क्षण तक एक साथ रहा, और एक ही विस्फोट में अपनी कुल ऊर्जा का 98 प्रतिशत छोड़ दिया, जिससे यह आग का गोला बन गया.



नासा के एम्स रिसर्च सेंटर की गणना के अनुसार, उल्कापिंड ने 4 मेगापास्कल (एमपीए) का गतिशील दबाव छोड़ा, जिससे इस विशेष आकार के क्षुद्रग्रह के लिए अपेक्षा से लगभग चार गुना बड़ा उच्च दबाव क्षेत्र बना. यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे जमीनी स्तर पर क्षति का खतरा बहुत बढ़ गया था क्योंकि विस्फोट वायुमंडल में बहुत नीचे था. नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित एक अध्ययन में, वैज्ञानिकों ने हमारे ग्रह की क्षुद्रग्रह सुरक्षा में एक नई कमज़ोरी का खुलासा किया है. क्षुद्रग्रह 2023 ने सौभाग्य से पृथ्वी को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया, लेकिन अगर यह बड़ा होता और विलंबित विस्फोट की तरह व्यवहार करता, तो इसका प्रभाव बहुत अलग हो सकता था.

कनाडा के वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय के शोधकर्ता ओरियन ईगल ने उल्कापिंड की तुलना एक बम से की और कहा. उन्होंने कहा कि अगर एक बड़े क्षुद्रग्रह ने अपनी सारी ऊर्जा एक ही विस्फोट में छोड़ दी होती, तो हमारे वायुमंडल की सतह पर इसका प्रभाव कहीं अधिक शक्तिशाली होता.

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का विखंडन अधिक खतरनाक है. अगर यह एक बड़ा क्षुद्रग्रह है, तो इसका प्रभाव और भी अधिक होगा. हमें अनुमानित प्रभाव स्थान के पास एक बड़े क्षेत्र को खाली करना पड़ सकता है.

अंतरिक्ष से आए सिग्नल से हैरत में वैज्ञानिक!

2019 में वैज्ञानिकों को गुरुत्वाकर्षण तरंगों का संकेत मिला जिसने शायद उन्हें ब्रह्मांड में अपना पहला वर्महोल खोजने में मदद की हो. लाइगो और वर्गो ने इस तरंग को पकड़ा जो एक सेकंड के दसवें हिस्से से भी कम समय तक चला. पहले वैज्ञानिकों ने सोचा कि यह 2 Black Holes के आपस में टकराने से हुआ. लेकिन अब वह मानते हैं कि वह पूरी तरह सही नहीं थे. वैज्ञानिक अभी भी मानते हैं कि यह तरंग 2 ब्लैक होल्स के टकराने से बनी थी, लेकिन यह हमारे ब्रह्मांड में नहीं हुआ था. बल्कि, जो उन्होंने देखा वह वर्महोल के जरिए हम तक पहुंचने वाली गूंज थी. वर्महोलब्रह्मांड के काल्पनिक रास्ते हैं जो अंतरिक्ष या समय में 2 अलग-अलग जगहों को जोड़ते हैं. ये दूर की जगहों के बीच एक पुल का काम करते हैं और इसी वजह से इन्हें आइंस्टीन रोसेन ब्रिज भी कहते हैं.अल्बर्ट आइंस्टीन और नाथन रोसेन ने 1935 में इसका प्रस्ताव दिया था. अगर 2019 की घटना 2 ब्लैक होल के टकराने से वर्महोल से आई तो यह साबित हो जाएगा कि वर्महोलसच में मौजूद हैं.वर्महोलब्रह्मांड के काल्पनिक रास्ते हैं जो अंतरिक्ष या समय में 2 अलग-अलग जगहों को जोड़ते हैं. ये दूर की जगहों के बीच एक पुल का काम करते हैं और इसी वजह से इन्हें आइंस्टीन रोसेन ब्रिज भी कहते हैं.

सस्ते मिल रहे रियलमी फोन्स

फिलपकार्ट और अमेजन, दोनों पर ही बड़ी सेल चल रही है. भारत में त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है. ऐस मौके पर ई-कॉमर्स वेबसाइट के अलावा, शाओमी, सैमसंग और ऐपल जैसे कंपनियां भी दिवाली सेल लेकर आई हैं. इसके अलावा, रियलमी पर भी 22 सितंबर से दिवाली सेल शुरू हो गई है. सेल में कंपनी स्मार्टफोन, टैबलेट, स्मार्टवॉच, ऑडियो प्रोडक्ट आदि पर 15 हजार रुपये तक की छूट दे रही है. रियलमी के प्रीमियम फोन को भी सस्ते में खरीदने का मौका मिल रहा है.

रियलमी 15 pro की कीमत 35,999 रुपये है. हालांकि, रियलमी दिवाली सेल 2025 में इस फोन पर 5000 रुपये का इंस्टेंट डिस्काउंट मिल रहा है. यह ऑफर ICICI, HDFC, SBI, Kodak, A&is बैंक के कार्ड से पेमेंट करने पर दिया जा रहा है. स्मार्टफोन में Snapdragon 7 Gen 4 प्रोसेसर मिलता है. फोन 7000mAh की बैटरी से लैस है. इसमें 80W चार्जिंग का सपोर्ट दिया जाता है.

Realme 14 Pro+ 5G पर 3000 रुपये का मिल रहा डिस्काउंट- रियलमी का यह फोन अभी रियलमी की वेबसाइट पर 28,999 रुपये का है. साथ ही, बैंक के कार्ड पर 3000-3000 रुपये का इंस्टेंट डिस्काउंट मिल रहा है. स्मार्टफोन 6000mAh की बैटरी से लैस है. इसमें 8GB RAM के साथ 256GB स्टोरेज मिलता है. रियलमी के इस फोन को अभी दिवाली ऑफर के साथ 44,999 रुपये में खरीदने का मौका मिल रहा है.

Realme P1 Pro 5जी पर हजारों रुपये का डिस्काउंट

7000द्बद्ध बैटरी वाले इस फोन को 22,999 रुपये की शुरुआती कीमत में खरीदा जा सकता है. फोन पर 3000 रुपये का बैंक डिस्काउंट

वॉट्सऐप में मैसेज ट्रांसलेशन फीचर की एंट्री

मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप ने एक बड़े ही कमाल का फीचर जारी किया है. वॉट्सऐप के इस नए फीचर को मेसेज ट्रांसलेशन नाम दिया गया है. इसे खासतौर पर उनलोगों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें भाषा को लेकर दिक्कत होती है. नाम से ही जाहिर होता है कि यह वॉट्सऐप पर भाषा की दिक्कत को पूरी तरह से खत्म कर देगा. सबसे खास बात यह है कि वॉट्सऐप का यह नया फीचर रियल टाइम में अनुवाद करता है और वह भी 19 भाषाओं में जिसमें हिंदी भी शामिल है.

व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में बताया कि उसका नया फीचर अब पर्सनल चैट, ग्रुप कॉन्वर्सेशन और चैनल अपडेट्स में काम करेगा. यह फीचर फिलहाल एंड्रॉयड और द्बह्र दोनों डिवाइसों पर उपलब्ध हो रहा है. एंड्रॉयड पर यह फीचर छह भाषाओं अंग्रेजी, स्पेनिश, हिंदी, पुर्तगाली, रूसी और अरबी को सपोर्ट करता है.

वहीं, iOS पर लॉन्च के समय यह 19 से अधिक भाषाओं को सपोर्ट करेगा.

व्हाट्सएप पर किसी मैसेज का अनुवाद करने के लिए यूजर को उस मैसेज पर लंबे समय तक प्रेस करना होगा, जिसके बाद उन्हें नया विकल्प दिखाई देगा. इसके बाद वे वह भाषा चुन सकते हैं, जिसमें मैसेज का अनुवाद करना है और भविष्य में अन्य अनुवादों के लिए भाषा पैक भी डाउनलोड कर सकते हैं.

यह नया फीचर हाल के महीनों में व्हाट्सएप में किए गए द्बढ्ढ-पावर्ड अपडेट्स का हिस्सा है. पहले प्लेटफॉर्म ने Writing Help फीचर पेश किया था, जो Meta AI का उपयोग करके उपयोगकर्ताओं को उनके लिखे टेक्स्ट के आधार पर सुझाव देता है. इससे उपयोगकर्ता अपने मैसेज को बेहतर टोन और स्टाइल में लिख सकते हैं.

एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक और सुविधा यह है कि वे पूरे चैट थ्रेड के लिए ऑटोमैटिक अनुवाद एक्टिव कर सकते हैं. इसका मतलब है कि आने वाले सभी मैसेज अपने आप ट्रांसलेट हो जाएंगे और उपयोगकर्ता को मैन्युअल रूप से कुछ करने की जरूरत नहीं होगी. कंपनी ने जोर दिया कि यह फीचर प्राइवेसी को सुरक्षित रखता है, क्योंकि अनुवाद प्रक्रिया डिवाइस पर ही होती है और व्हाट्सएप को चैट के कंटेंट तक पहुंच नहीं होती.